राजस्थान प्रीमियर लीग की शुरुआत 19 अगस्त से

चर्चा में क्यों?

1 अगस्त, 2023 को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ने जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल की तर्ज पर राजस्थान प्रीमियर लीग (आरपीएल) की शुरुआत 19 अगस्त से होने की औपचारिक घोषणा की।

प्रमुख बदिु

- आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने बताया कि 19 अगस्त से जोधपुर में शुरू होने वाले आईपीएल में छह टीम हिस्सा लेंगी। इसके लिये एक अगस्त से टीम की खरीद के लिये बिड शुरू की जाएगी। टीम को खरीदने के लिये बोली लगानी होगी।
- वैभव गहलोत ने बताया कि छह टीमें- जयपुर, जोधपुर, सीकर, कोटा, भीलवाड़ा और उदयपुर के लिये बड़े उद्योग घराने बोली लगाएंगे।
- इन टीमों में सात इंटरनेशनल खिलाड़ी और 10 आईपीएल के खिलाड़ी भी राजस्थानी खिलाड़ियों के साथ खेलते नज़र आएंगे।
- सभी मैच अंतर्राष्ट्रीय स्तर के होंगे, जो जयपुर और जोधपुर के स्टेडियम में खेले जाएंगे। एक दिन में दो मैच होंगे। एक दिन के उजाले में और दूसरा दूधिया रोशनी में खेला जाएगा। कुल 34 मैच खेले जाएंगे, प्रत्येक मैच 20 ओवर का होगा।
- वैभव गहलोत ने बताया कि आईपीएल की ट्रॉफी भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की है, जिसके लिये चांदी की ट्रॉफी पर सोने का काम किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-premier-league-starts-from-august-19